**दिनांक : 24.05.2025** **समय : 07.10PM**

# आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

## मुख्य समाचार

- नीति आयोग बैठक में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी– केंद्र और राज्य टीम इंडिया की तरह मिलकर करें कार्य।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा– ''विकसित भारत–आत्मनिर्भर भारत'' के निर्माण के लिए संकल्पित सरकार।
- प्रधानमंत्री कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट श्रृंखला के लिए घोषित की टीम।

**अब समाचार विस्तार से–**

**मोदी जी–नीति आयोग**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में नीति आयोग की दसवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता की। 'विकसित राज्य फॉर विकसित भारत/2047' थीम पर हुई बैठक में प्रदेष के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए। श्री मोदी ने कहा कि वे वैश्विक मानकों के अनुरूप तथा सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराते हुए प्रत्येक राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। यदि केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत हर भारतीय का लक्ष्य है, जब हर राज्य विकसित होगा, तो भारत विकसित होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी से कार्यबल में महिलाओं को शामिल करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कानून और नीतियां बनाई जानी चाहिए ताकि महिलाओं को कार्यबल में सम्मानपूर्वक शामिल किया जा सके।

**संकल्पित मध्यप्रदेश**

शासी परिषद की बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''विकसित भारत–आत्मनिर्भर भारत'' के निर्माण के विजन से मध्यप्रदेष प्रेरित है। इसके लिए प्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों की प्रथम पंक्ति में स्थापित करने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व में सभी राज्य 'टीम इंडिया' की भावना के साथ कार्य कर रहे हैं। आज मध्यप्रदेश विकास और लोक कल्याण के संकल्प पथ पर अग्रसर है और निरंतर नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है।

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

**डीएमके सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में रूस गए भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने आज आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की भारत की नीति के बारे में रुख स्पष्ट किया। मॉस्को में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए श्रीमती कनिमोझी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले को पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में**

घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों ने अंजाम दिया था।

इस बीच, जनता दल-यू सांसद संजय झा के नेतृत्व में भारत से जापान पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने अपने दौरे का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है और यह दल अब दक्षिण कोरिया के लिए रवाना हो गया है।

भारतीय जनता पार्टी सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में एक और उच्च स्तरीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आज बहरीन पहुंचा, जो सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख को उजागर करेगा।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पांच देशों के दौरे पर रवाना हुआ। प्रस्थान से पहले श्री थरूर ने सोशल मीडिया पोस्ट में एक वीडियो संदेश साझा किया, जिसमें आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को दोहराया।

**पीएम – मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चौनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित होगा।

## राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा

प्रादेशिक समाचार एकांश भोपाल के विशेष अभियान राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा में अब बारी है आपकी प्रतिक्रिया सुनने की। आईये सुनते हैं नीमच के सलीम पठान और कटनी के अशोक सिंह पेंडरों के संदेश।

**ज्योतिर्लिंग ई–आराधना**

खंडवा जिले के विष्वप्रसिद्ध ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्षन के लिए श्रद्धालुओं को नई सुविधा प्रारंभ की जा रही है। यहां पर 'ई–आराधना' सुविधा के तहत श्रद्धालु देश–विदेश में कहीं से भी श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग का दर्षन कर सकते हैं। एसडीएम पुनासा शिवम प्रजापति ने बताया कि ई–आराधना सेवा का लाभ लेने के लिए श्री ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट की आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट श्री ओंकारेष्वर डॉट ओआरजी पर जाकर बुकिंग की जा सकती है। इसके बाद वे पूजा बुक करके उसमें लाइव सम्मिलित हो सकते हैं। इसके साथ ही अपने घर बैठे प्रसाद प्राप्त कर सकते हैं।

**पीएम श्री एंबुलेंस सेवा**

भोपाल में मेडिकल इमरजेंसी के चलते 7 साल की बच्ची को एयरलिफ्ट किया गया है। बच्ची को कल रात पीएम श्री एयर एंबुलेंस के जरिए भोपाल से गुड़गांव भेजा गया। सीएमएचओ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि मरीज के पास आयुष्मान कार्ड होने के कारण उसे यह सुविधा निःशुल्क उपलब्ध करवाई गई। दरअसल,बच्ची के परिजनों ने इलाज के लिए 19 मई को भोपाल के एक अस्पताल में भर्ती करवाया था। गंभीर होने के बाद बच्ची को एयर एंबुलेंस द्वारा इलाज के लिए गुड़गांव के निजी अस्पताल की पीडियाट्रिक लिवर यूनिट में रेफर करना पड़ा।

### मौसम

मानसून तय समय से 8 दिन पहले ही आज केरल पहुंच गया। इस बीच, प्रदेष में भी आंधी–बारिश का दौर जारी हैं। मौसम विभाग ने सभी 55 में से 49 जिलों में गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान जारी किया है। वहीं, भोपाल, विदिषा, रायसेन, सहित दो दर्जन से अधिक जिलों में आंधी तूफान और बारिष को लेकर चेतावनी जारी की है। मौसम विषेषज्ञों ने बताया है कि अगर देष में चल रही मानसूनी गतिविधियां इसी तरह चलती रहीं तो राज्य में भी मानसून अपने तय समय से पहले प्रवेष कर सकता है। बारिष और आंधी तूफान के कारण अधिकतम तामपान में गिरावट देखी गई है। आज अधिकांष जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंच गया।

### बीसीसीआई टेस्ट टीम

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आगामी इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा कर दी है। शुभमन गिल को टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि ऋषभ पंत उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे। विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भारतीय टीम पहली टेस्ट क्रिकेट श्रृंखला खेलेगी।

## अब कुछ समाचार संक्षेप में

- राज्यपाल मंगु भाई पटेल कल धार दौरे पर रहेंगे, इस दौरान वे  सिकल सेल जागरूकता कार्यक्रम में शामिल होंगे।
- प्रदेष में श्रीकृष्ण पाथेय न्यास का पंजीयन हो गया है। इसके लिए पहले साल 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही उज्जैन में सांदीपनि आश्रम को और जमीन मिल गई है। सरकार 13 राज्यों में श्रीकृष्ण पर अध्ययन कराएगी।
- शहडोल संभाग में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती आदि के निराकरण के लिए चलाए जा रहे राजस्व महाअभियान की तारीख 20 जून तक बढ़ा दी गई है।
- बड़वानी जिले की वर्षगांठ 25 मई को गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी। मां नर्मदा जी की भव्य महाआरती, भजन संध्या, आकर्षक विद्युत सज्जा किये जाएंगे।
- यूपीएससी की प्री परीक्षा भोपाल में कल रविवार को शहर में 50 केंद्रों में दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। सभी केंद्रों पर 15 हजार 944 उम्मीदवारों के सम्मिलित होने की संभावना है।
- किदांबी श्रीकांत ने मलेशिया मास्टर्स बैडमिन्टशन टूर्नामेंट के पुरुष सिंगल्स फाइनल में प्रवेश कर लिया है। वे इस प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाले पहले भारतीय शटलर बन गए हैं।

........................